बरेली, बुधवार
9 मई 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 24

दैनिक जागरण

PAGE NO. 06 : MIDDLE

बीएल एग्रो ने एसआरएमएस की शिक्षा पद्धति को सराहा

जासं, बरेली : तकनीकि शिक्षा एवं इंडस्ट्री डिमांड के बीच सामंजस्य बनाने के लिए श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, बरेली में मंगलवार को बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज के निदेशक डॉ.आरपी सिंह, सेवानिवृत्त प्रो. एवं निदेशक, एचबीटीआइ के तत्वाधान में बीएल एग्रो के इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल व एचआर के यूनिट हेड ने भ्रमण किया। एसआरएमएस के ट्रेनिंग डवलपमेंट एंड प्लेसमेंट सेल के हेड अनुज कुमार ने बताया कि बीएल एग्रो की टीम ने विभिन्न तकनीकि सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद महाविद्यालय के विभागाध्यक्षों व आए प्रतिनिधिमंडल के बीच बातचीत हुई। बीएल एग्रो के प्रतिनिधिमंडल ने एसआरएमएस में तकनीकि शिक्षा को रोजगारपरक व महाविद्यालय की तकनीकि सुविधाओं की गुणवत्ता को सराहा। वहीं बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संस्थान की तकनीकि सुविधाओं, अध्यापकों व विद्यार्थियों के सहयोग से इंडस्ट्री एक्सपोजर प्रदान करने वाले प्रोजेक्ट शुरू करने का फैसला लिया। इस दौरान ट्रस्ट प्रशासक प्रो.सुभाष मेहरा, डीन एकेडमिक्स डॉ.प्रभाकर गुप्ता व महाविद्यालय की विभिन्न एचओडी मौजूद थे।